# एक प्रयास ने बदली विवि की छवि

परमजीत सिंह • गोहाना (सोनीपत)



महिला विवि में छात्राओं को जूट व कपड़े के बैग के इस्तेमाल के लिए प्रेरित करती डॉ. सुमन दलाल। • जागरण

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च की चेयरपर्सन डॉ. सुमन दलाल 6 साल से प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल रोकने और जूट को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत हैं। उनके प्रयास से ही महिला विवि में आयोजित होने वाले बड़े कार्यक्रमों में प्लास्टिक बैग की जगह जूट व कपड़े के बैग प्रयोग किए जाने लगे हैं।

डॉ. दलाल को इस बात की टीस हुई कि प्लास्टिक के नुकसान के बारे में हम बच्चों को पढ़ाते हैं, लेकिन स्वयं अमल कम करते हैं। उनके सुझाव के बाद ही विवि प्रशासन ने कार्यक्रमों में प्लास्टिक बैग की जगह जूट या कपड़े के बैगों का प्रचलन शुरू करवाया। वह विवि द्वारा गोद लिए गए दस गांवों की नोडल अधिकारी हैं। इन गांवों में छात्राओं व विवि के अधिकारियों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। डॉ. सुमन कहती हैं कि प्लास्टिक बैग का उपयोग पर्यावरण के लिए सबसे घातक है। यह पर्यावरण, इंसान और जानवरों तक को नुकसान पहुंचाते हैं। यह जमीन, पानी और हवा तीनों को खराब करते हैं। वह महिला विवि की छात्राओं को भी जूट व कपड़े के बैग के प्रयोग के प्रेरित करती रहती हैं।

- 6 साल से प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल रोकने और जूट को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत हैं डॉ. सुमन दलाल
- इनके प्रयास से विवि में शुरू हुआ जूट व कपड़े के बैग का प्रचलन



मेरा मानना है कि हम जो पढ़ते व पढ़ाते है, उसे व्यावहारिक रूप में भी अपनाना जरूरी है। महिला विवि में छह साल पहले तक जो भी छोटे या बड़े कार्यक्रम होते थे, उनमें प्लास्टिक बैगों का प्रयोग किया जाता था। इससे विवि प्रशासन के समक्ष इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक बैगों के प्रबंधन में परेशानी आने लगी थी।

डॉ. सुमन दलाल

## आग में जलते प्लास्टिक की गंध से बढ़ी बेचैनी

डॉ. सुमन बताती हैं कि छह-सात साल पहले उनके घर से कुछ दूरी पर कचरे के ढेर में आग लगी हुई थी, जहां काफी मात्रा में प्लास्टिक जलाए जा रहे थे और उसका जहरीला धुंआ उनके घर तक आ रहा था। जब वे वहां से गुजरीं तो उसकी गंध से उनकी बेचैनी इतनी बढ़ गई कि उनका सांस लेना भी कठिन हो गया। उसी दिन उन्होंने संकल्प लिया था कि वे कभी भी प्लास्टिक बैग का प्रयोग नहीं करेंगी। वो दिन है और आज का दिन है, उन्होंने प्लास्टिक को प्रयोग में नहीं लाया और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करती हैं।

# विदाई समारोह में सोनिया बनी मिस फेयरवेल

अमर उजाला ब्यूरो

गोहाना।

गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च में डिप्लोमा इन एजुकेशन की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डीएड छात्राओं ने सामूहिक लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, पंजाबी गिद्दा व राजस्थानी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। समारोह में छात्रा सोनिया को मिस फेयरवेल, अमिता को मिस टेलेंट और भावना को मिस पर्सनालिटी चुना गया।

मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने कहा कि जीवन में अनुशासन, कठोर मेहनत और अच्छे संस्कार सफलता का आधार हैं। कार्यक्रम का संयोजन डीएड को-ऑर्डिनेटर मोनिका का रहा। इस दौरान डीन फेकल्टी ऑफ एजुकेशन डॉ. सुमित्रा जाटायन के अलावा स्टाफ मौजूद रहा।



दीप प्रज्वलित कर विदाई समारोह का शुभारंभ करते डॉ. सुमन दलाल व अन्य।

# प्राचीन संस्कृति में ही छिपा है देश का स्वर्णिम इतिहास : बाल मुकुंद



प्रो. एस.पी. बंसल और डा. रितु बजाज के साथ बाल मुकुंद। (अरोड़ा)

गोहाना, 6 मार्च (अरोड़ा): देश की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति में ही देश का स्वर्णिम इतिहास छिपा हुआ है। आज की युवा पीढ़ी और शिक्षक वर्ग को अपमानजनक व धूमिल इतिहास की गलत परत को हटाने की जरूरत है। बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में ये विचार भारतीय इतिहास संकलन योजना के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बाल मुकुंद ने व्यक्त किए।

महिला विश्वविद्यालय के शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान विभाग में मंगलवार को इतिहास, शिक्षा एवं भारत विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की।

मुख्यातिथि बालमुकुंद ने कहा कि भारतीय इतिहास को बढ़ावा देने देने के लिए इसे स्कूली पाठ्यक्रम में विशेष स्थान दिया जाए ताकि युवा वर्ग की सोच को इतिहास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान किया जा सके।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. बंसल ने विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र में इतिहास विषय के नए कोर्स शुरू करने की घोषणा की।

कार्यक्रम का संयोजन डा. प्रिया, डा. अनु बल्हारा और डा. रीना का रहा। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. रितु बजाज, डा. नरेश भार्गव, डा. सुमन दलाल और डा. सुमित्रा जाट्यान उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करती मुख्य अतिथि • जागरण

# प्रदर्शनी के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जासं, खानपुर कलां : बीपीएस महिला विश्वविद्यालय (विवि) के आइटीटीआर विभाग की छात्राओं द्वारा बुधवार को गांव खानपुर कलां स्थित मेघराज विद्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा चार्ट व मॉडल पेश करके पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया गया। छात्राओं ने नजरिया बदलो नाटक की आकर्षक प्रस्तुति भी दी।

छात्राएं अपनी प्रतिभा निखारने के साथ समाज को नई दिशा प्रदान कर सकें, इसी उद्देश्य से विभाग द्वारा छात्राओं के लिए 28 दिवसीय स्कूल ऑबजर्वेशन इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

विवि की छात्राएं क्षेत्र के स्कूलों में पहुंच कर स्कूली विद्यार्थियों को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण सहित सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करती हैं। इसी क्रम में मेघराज विद्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी की शुभारंभ विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल और सरला ने किया। संयोजन डॉ. इंदु ने किया। इस मौके पर लखपति, मंजीत दूहन, बलबीर सिंह, जगतबीर सिंह, सुभाष चंद्र और जितेंद्र नरवाल मौजूद रहे।

# छात्रा अध्यापिकाओं ने कासंडी स्कूल में रोपे पौधे



कासंडी गांव के सरकारी स्कूल में छात्रा अध्यापिकाएं पौधे रोपते हुए। (अरोड़ा)

गोहाना, 25 फरवरी (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के बी.एड कालेज की छात्रा अध्यापिकाओं ने कासंडी गांव स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में पौधे रोपे। महिला विश्वविद्यालय की बी.एड की छात्राएं कासंडी के सरकारी स्कूल में अध्यापन का अभ्यास कर रही हैं। इन छात्रा अध्यापिकाओं ने सहायक प्रोफैसर सुनीता देवी और गणित शिक्षक अजीत सिंह के मार्गदर्शन में पौधे लगाए तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प किया। अध्यक्षता मुख्याध्यापक डा. सुरेश सैनी ने की। पौधारोपण में विशेष सहयोग महिला विश्वविद्यालय के मनोज, जयकरण, सुनील, प्रियंका, वैशाली, सोनम, आरती, ऋतु, प्रिया और ज्योति तथा मेजबान स्कूल के दिलबाग सिंह, अजीत सिंह, दलबीर सिंह, रमेश शास्त्री, सुमन, पूनम और मनीषा का रहा।



छात्राओं को सम्बोधित करते प्रिंसीपल सुशील बंसल व उपस्थित स्टाफ सदस्य। (अरोड़ा)

# छात्राओं ने ली मातृभाषा के प्रयोग की शपथ

गोहाना, 22 फरवरी (अरोड़ा): आप अपनी मातृभाषा में जितनी सरलता से अपने विचार अभिव्यक्त कर सकते हैं, उतनी सुगमता आप को दूसरी भाषाओं में कदापि नहीं होगी। यह टिप्पणी गढ़ी उजाले खां गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसीपल सुशील बंसल ने की।

उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर छात्राओं को मातृभाषा के ही अधिक से अधिक प्रयोग की शपथ दिलवाई। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर खानपुर कलां गांव स्थित बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च की छात्राएं उक्त विद्यालय में पहुंचीं। कार्यक्रम का संयोजन राजनीतिक शास्त्र विषय की प्रवक्ता सविता मदान ने किया।

मुख्य वक्ता प्रिंसीपल सुशील बंसल ने कहा कि मातृभाषा से बढ़ कर संवाद की बेहतर भाषा कोई दूसरी हो नहीं सकती। मातृभाषा के प्रयोग से न तो हिचकना चाहिए, न ही हीन भावना महसूस करनी चाहिए, बल्कि गर्व के साथ मातृभाषा को बोलना और लिखना चाहिए। आस्था और ज्योतिका ने कहा कि अंग्रेजी का ज्ञान अच्छी बात है, पर उसे अधिमान देते हुए अपनी मातृभाषा से सौतेला व्यवहार अनुचित है।



महिला विवि में आयोजित अंतर सदन प्रतिभा खोज कार्यक्रम में नृत्य करती छात्राएं।

# बेटियों का पढ़ना समाज के लिए प्रेरणा : प्रो. बंसल

गोहाना (ब्यूरो)। भगत फूलसिंह महिला विवि के कुलपति प्रो. एसपी बंसल ने कहा कि बेटियों का पढना समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि टीचिंग इज नॉट ए प्रोफेशन, टीचिंग इज ए मिशन। वह विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च विभाग में चल रहे दो दिवसीय अंतर सदन प्रतिभा खोज अभिव्यक्ति की नींव कार्यक्रम के समापन पर संबोधित कर रहे थे। प्रो. बंसल ने शिक्षकों से कहा कि अपने लेक्चर के अलावा 10 मिनट छात्राओं को उनके चरित्र निर्माण व लक्ष्य निर्धारण दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुमन दलाल ने की। इस मौके पर डॉ. सुमित्रा, डॉ. नरेश भार्गव, डॉ. रीना, डॉ. प्रिया, डॉ. सरला, डॉ. मोनिका, डॉ. अन्नू आदि मौजूद रहे।

# बेटियों का पढ़ना समाज के लिए प्रेरणा है : बंसल

## महिला विश्वविद्यालय में कार्यक्रम अभिव्यक्ति की नींव सम्पन्न

गोहाना, 19 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एवं रिसर्च में आयोजित 2 दिवस अंतर सदन प्रतिभा खोज कार्यक्रम अभिव्यक्ति की नींव मंगलवार को संपन्न हो गया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को कुलपति प्रोफेसर एस.पी. बंसल ने बतौर मुख्यातिथि पुरस्कृत किया। प्रो. एस.पी. बंसल ने कहा कि बेटियों का पढ़ना समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने संस्थापक भगत फूल सिंह के नारी सशक्तिकरण के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। छात्राओं को संबोधित करते हुए बंसल ने कहा कि जीवन में हमारा एक लक्ष्य जरूर होना चाहिए और उस लक्ष्य के साथ ही हमें आगे बढ़ना चाहिए। हमें सबसे पहले खुद को जानना व पहचानना चाहिए। छात्राओं को अपनी हर भूमिका का आंकलन करना चाहिए और उसे बखूबी निभाना चाहिए। हमारे देश का भविष्य बेटियां ही हैं। केवल डिग्री के लिए न पढ़ें, बल्कि सीखने के लिए पढ़ें। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डा. सुमन दलाल ने की। इस मौके पर डा. नरेश भार्गव, डा. सुमित्रा, डा. रीना, डा. प्रिया, डा. सरला, डा. मोनिका और डा. अनु मौजूद रहे।



अंतर्सदनीय प्रतिभा खोज के विजेताओं को पुरस्कृत करते प्रो. एस.पी. बंसल। (अरोड़ा)



गढ़ी उजाले खां गांव के मंदिर परिसर में पौधा लगाते हुए एस.डी.एम. सुभीता ढाका। (अरोड़ा)

# गढ़ी उजाले खां के शिव मंदिर में किया पौधारोपण

गोहाना, 12 अगस्त (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के स्थापना के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गांव गढ़ी उजाले खां स्थित शिव मंदिर के परिसर में पौधारोपण किया। समारोह की मुख्यातिथि एस.डी.एम. सुभीता ढाका ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। हम जितने अधिक पौधे रोपेंगे पर्यावरण उतना ही अधिक स्वच्छ बनेगा। महिला विश्वविद्यालय ने गांव गढ़ी उजाले खां स्थित आसपास के कई गांवों को गोद ले रखा है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समय-समय पर गोद लिए गए गांवों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा अपनी स्थापना के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गांव गढ़ी उजाले खां में पौधारोपण अभियान चलाया था।

इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता विभाग की चेयरपर्सन डा. सुमन दलाल ने की। विशिष्टातिथि सोनीपत भाजपा के अध्यक्ष डा. धर्मबीर नांदल थे। समारोह में मार्कीट कमेटी गोहाना के चेयरमैन नत्था सिंह सैनी, भाजपा नेता बलराम कौशिक और डा. सुमित्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विवि की छात्राओं ने डांस कर मचाया धमाल

## महिला विवि में अंतर सदन प्रतिभा खोज कार्यक्रम में हुई अनेक स्पर्धाएं, हुए रंगारंग कार्यक्रम



महिला विवि में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दौरान नृत्य करती छात्राएं।



लोकनृत्य स्पर्धा में उपविजेता मुरथल अड्डा राजकीय स्कूल की टीम

अमर उजाला ब्यूरो

गोहाना।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च विभाग में सोमवार से दो दिवसीय अंतर सदन प्रतिभा खोज कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तरह की 26 तरह की प्रतियोगिता होनी है। जिनमें गायन, नृत्य, पोस्टर मेकिंग, थिएटर

आयोजक डॉ. प्रिया ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को समापन समारोह में विवि के कुलपति प्रो. एसपी बंसल पुरस्कृत करेंगे। सोमवार को शुरू हुए कार्यक्रम में विवि के डीन कॉलेज डॉ. नरेश भार्गव बतौर मुख्यातिथि रहे। विशिष्ट अतिथि एजुकेशन कॉलेज की डीन डॉ. सुमित्रा रही। कालेज की छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. डॉ. महेश शर्मा, डॉ. सुदेश नांदल, डॉ. निभाई। इस अवसर पर डॉ. रीता

## प्रतियोगिता में मुरथल अड्डा स्कूल की टीम बनी उपविजेता

सोनीपत। हरियाणा कला परिषद, मल्टी आर्ट्स कल्चरल सेंटर की ओर से कुरुक्षेत्र में 16-17 सितंबर को राज्य स्तरीय लोक गायन व लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में लोकनृत्य में राजकीय कन्या स्कूल मुरथल अड्डा की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। जिसका निर्देशन संजय बागड़ी ने किया। इससे पूर्व मंडल स्तर पर रोहतक में 29 जुलाई को आयोजित प्रतियोगिता में टीम ने पहला स्थान हासिल किया था। विजेता टीम का प्राचार्या संतोष राठी व शिक्षिकाओं ने स्वागत किया।